प्रेषक,

घनश्याम शुक्ल,
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
गाजीपुर।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा:– जनपद न्यायाधीश,
गाजीपुर।

विषय:– जनपद गाजीपुर से जनपद कानपुर नगर स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय के अधिसूचना संख्या 3409/एडमिन (सेवायें)/2019 दिनांकित 24 सितम्बर 2019 द्वारा मेरी पदोन्नति सिविल जज (जू0डि0) कैडर से सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कैडर में करते हुये अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर जनपद गाजीपुर में स्थानान्तरित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय के अधिसूचना संख्या 1891/एडमिन (सेवायें)/2018 दिनांकित 02 जुलाई 2018 द्वारा मेरा स्थानान्तरण जनपद फतेहपुर से कानपुर नगर किया गया था, जिसके लगभग एक वर्ष बाद ही मेरा स्थानान्तरण जनपद गाजीपुर कर दिया गया है। जबकि वर्तमान में मेरा पुत्र देवेश शुक्ल बी0एस0एस0 एजुकेशन सेन्टर, कानपुर नगर में कक्षा दसवीं (बोर्ड परीक्षा 2020) का छात्र है तथा पुत्री श्रुति शुक्ला ओमेगा कैरियर इंस्टीट्यूट, काकादेव, कानपुर नगर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–2020 की तैयारी कर रही है। मेरी पत्नी अनीता शुक्ला मधुमेह, लीवर की बीमारी तथा मल्टीपल एलर्जी से पीड़ित होने के कारण घरेलू कार्य व बच्चों की देखभाल करने में अक्षम है और शैक्षणिक सत्र के मध्य में 425 किमी0 दूर जनपद गाजीपुर में स्थानान्तरण हो जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई व बीमार पत्नी की देखभाल कर पाना मेरे लिये असम्भाव्य है।

अतएव आपसे विनम्र व करबद्ध प्रार्थना है कि मेरी उपरोक्त कठिन परिस्थितियों एवं बच्चों की बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत मेरा स्थानान्तरण जनपद गाजीपुर से जनपद कानपुर नगर में किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष मेरा प्रत्यावेदन सहानुभूतिपूर्वक विचारार्थ प्रस्तुत करने की महती कृपा करें। मैं और मेरा पूरा परिवार ऐसी कठिन परिस्थिति में माननीय न्यायालय द्वारा प्रदत्त सहानुभूति के लिये सदैव आभारी रहेगा।

सादर।

भवदीय,
01/10/2019
(घनश्याम शुक्ल)
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
गाजीपुर।

संलग्नक:– (1) पुत्र का शैक्षणिक पहचान पत्र की छायाप्रति।
(2) पुत्री का शैक्षणिक पहचान पत्र की छायाप्रति।
(3) पत्नी की मेडिकल टेस्ट रिपोर्ट, एलर्जी रिपोर्ट सी0टी0 स्कैन व अल्ट्रासाउण्ड रिपोर्ट।

क्रमांक 1485/XV दिनांक 01.10.19

अग्रसारित

01.10.19

जनपद न्यायाधीश
गाजीपुर